C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:23 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सुबह 6:16 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 238 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 19 मार्च 2025

ईद पर रिलीज हुई सलमान की...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### मौसमः आज पहाड़ों में बारिश के आसार

**देहरादून।** आने वाले दिनों में 22 मार्च तक प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रदेशभर में चटक धूप खिलने से सामान्य तापमान में दो से तीन डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में आज (बुधवार) को बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ समेत कुछ अन्य जिलों में बारिश होने की संभावना जताई गई है। हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में 22 मार्च तक प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रदेशभर में चटक धूप खिलने से सामान्य तापमान में दो से तीन डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

### 25 मार्च तक चलेगा काठगोदाम वेली ब्रिज का मरम्मत कार्य



**हल्द्वानी।** अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग खंड हल्द्वानी द्वारा अवगत कराया गया है कि राजमार्ग संख्या 87 (नया 109) काठगोदाम नैनीताल मोटर मार्ग के कलसिया गधेरे पर स्थित वेली ब्रिज की मरम्मत किए जाने के लिए पहले ब्रिज को खोला जाना और पुनः लगाया जाना है इसलिए वाहनों की सुरक्षा हेतु या आवश्यक हो गया है की दिनांक 19 मार्च से 25 मार्च तक वाली ब्रिज यातायात के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा।

# हल्द्वानी शहर में 21 जून से सिटी बसों का संचालन होगा

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता



हल्द्वानी में 21 जून 2025 से शुरू हो जाएगी सिटी बस सेवा आयुक्त/ सचिव मा0 मुख्यमंत्री दीपक रावत ने सर्किट हाउस काठगोदाम में रीजनल ट्रांसपोर्ट एथॉरिटी की बैठक में दी मंजूरी ।जून के अंत से हल्द्वानी शहर में सिटी बसें चलनी शुरू हो जाएंगी। यह निर्णय आयुक्त दीपक रावत ने रीजनल ट्रांसपोर्ट एथॉरिटी की बैठक में लिया है। सिटी बस प्राइवेट ऑपरेटर चलाएंगे। जिन्हें बस खरीदने के लिए तीन महीने का वक्त दिया गया है। मंगलवार को काठगोदाम सर्किट हाउस में हुई आरटीए की बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 जून से हल्द्वानी में सिटी बसें शुरु होंगी। जिनके लिए रूट तय किए गए हैं। कुल मिलाकर हल्द्वानी में 168 किलोमीटर के दायरे में सिटी बसें चलाई जाएंगी। रूट नंबर- एक (दूरी 45.60 किमी) रानीबाग से रोडवेज बस स्टैंड, स्टेडियम रोड, मुखानी, कुसुमखेड़ा, ब्लॉक, फतेहपुर, लामाचौड़, भाखड़ा, कठघरिया, चौफुला चौराहा, चंबलपुल, पनचक्की, हाइडिल गेट से वापस रानीबाग ।रूट नंबर- दो (33.60 किमी)बस स्टेशन से मंगलपड़ाव, गांधी स्कूल, तीनपानी, उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी, टीपीनगर, देवलचौर, पंचायत घर, पाल कॉलेज, त्ज्, कुसुमखेड़ा, लालडांठ, पनचक्की, मुखानी, कालाढूंगी चौराहे से वापस बस स्टेशन। बैठक में आयुक्त ने कहा कि इस सेवा के तहत शहर के बढ़ते ट्रैफिक को नियंत्रित करने के साथ-साथ नई बसों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी बसें पर्यावरण के अनुकूल सीएनजी अथवा बीएसवीआई पर आधारित होंगी, जिससे प्रदूषण को कम किया जा सके। इस योजना का उद्देश्य केवल यातायात सुधारना ही नहीं, बल्कि हल्द्वानी को एक क्लीन और ग्रीन शहर के रूप में विकसित करना भी है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सभी बसों में महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए विशेष प्रावधान किए जाएंगे। इन बसों को विशेष पहचान चिह्न दिए जाएंगे ताकि यात्रियों को इन्हें आसानी से पहचाना जा सके साथ ही बस में सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस,कलर बोर्ड, रूट नम्बर बडे अक्षरों में अंकित किया जायेगा। बस का कलर एक ही रंग का होगा।

मोदी बोले- धरती पर आपका स्वागत

# सुनीता विलियम्स समेत चार अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित लौटे

**नई दिल्ली**
एजेंसी



भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 286 दिनों के बाद धरती पर वापस लौट आई हैं। अंतरिक्ष एजेंसी- नासा के वैज्ञानिकों के मुताबिक सुनीता और बैरी विल्मोर समेत चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर लौटा यान तड़के 3.27 बजे अमेरिका के फ्लोरिडा में समुद्र तल पर उतारा।

इस मिशन में नासा के साथ एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा। फ्लोरिडा में स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल से लौटे चारों अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी की नासा ने पुष्टि की।

सुनीता विलियम्स के धरती पर वापस लौटने पर पीएम मोदी ने खुशी जताई और सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर लिखा आपका स्वागत है क्रू-9, धरती ने आपको याद किया। यह उनके धैर्य, साहस और मानवीय भावना की परीक्षा रही। सुनीता विलियम्स और क्रू-9 के अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर हमें दिखाया है कि दृढ़ता का वास्तव में क्या मतलब है। अज्ञात के सामने उनका अटूट दृढ़ संकल्प हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा। अंतरिक्ष अन्वेषण का मतलब है मानवीय क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाना, सपने देखने का साहस करना और उन सपनों को हकीकत में बदलने का साहस रखना। सुनीता विलियम्स, एक पथप्रदर्शक और एक प्रेरणा है जिन्होंने अपने पूरे करियर में इस भावना का उदाहरण दिया है। हमें उन सभी पर बहुत गर्व है जिन्होंने क्रू-9 की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक मेहनत की। उन्होंने दिखाया है कि जब सटीकता, जुनून से मिलती है और तकनीक, दृढ़ता से मिलती है तो क्या होता है।

सुनीता विलियम्स के सकुशल धरती पर लौटने पर भारत में सुनीता के खानदान के लोगों में खुशी का माहौल है। सुनीता विलियम्स के चचेरे भाई दिनेश रावल ने कहा कि %जब वे सुरक्षित लौटीं तो हम खुशी से उछल पड़े। मैं बहुत खुश था। कल से ही हम परेशान थे, लेकिन भगवान ने हमारी प्रार्थना सुन ली और सुनीता सुरक्षित धरती पर लौट आईं। सुनीता कोई आम महिला नहीं है बल्कि वह दुनिया बदलेगी।

# सीएम धामी ने विद्यालयों में परिवहन सुविधा के लिए 15 बसों का फ्लैग ऑफ किया

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से उत्तरकाशी जनपद के कलस्टर विद्यालयों में परिवहन सुविधा के लिए 15 बसों का फ्लैग ऑफ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों के लिए बस की सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें विद्यालय आवागमन में समय की बचत होगी। इस तरह के नवाचार से बच्चों को पठन-पाठन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह सराहनीय प्रयास किया गया है ।उत्तरकाशी जनपद के नगरीय क्षेत्र के 15 कलस्टर विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाये जाने के लिए जिलाधिकारी उत्तरकाशी द्वारा जिला खनिज न्यास फाउण्डेशन की मद एवं अन्टाईड फण्ड से 15 बस क्रय की स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रति बस के लिए 20 लाख की दर से कुल 03 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई।

जिन प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए यह बस की सुविधा दी जा रही है, उनमें विकासखण्ड नौगांव के लिए 05, विकासखण्ड भटवाडी और विकासखण्ड डुण्डा के लिए 03-03, विकासखण्ड पुरोला के लिए 02 जबकि विकासखण्ड चिन्यालीसौड और विकासखण्ड मोरी के लिए 01-01 बस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



# नई कार्यकारिणी चुनाव को 34 अधिवक्ताओं ने किया मताधिकार


**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

जिला बार एसोसिएशन के वर्ष 2025 की नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए मंगलवार को टेंडर वोट डाले गए टेंडर मतदान में कुल 34 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मुख्य चुनाव अधिकारी नीरज साह ने बताया कि मतदान करने वाले दिन यानी बुधवार (आज) कई अधिवक्ताओं द्वारा जरूरी कार्य से बाहर जाने के आवेदन किए गए थे जिसके आधार पर एक दिन पहले यानी मंगलवार को टेंडर वोट डाले गए। जिला बार के विभिन्न पदों पर चुनाव के लिए बुधवार (आज) को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान का समय निर्धारित है। सह चुनाव अधिकारी संजय सुयाल ने बताया की एसोसिएशन में कुल 274 मतदाता पंजीकृत हैं। बुधवार सुबह 10 बजे से बार कक्ष में मतदान प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। मतदान पूरा होने के बाद मतों की गणना व बुधवार शाम को ही विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। बता दें कि अध्यक्ष पद पर जहां कुल चार प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं वही उपाध्यक्ष, सचिव तथा उपसचिव सहित सभी पदों पर दो-दो प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन यानी मंगलवार को उम्मीदवारों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। दूसरी ओर बुधवार (आज) को सकुशल एवं निष्पक्ष मतदान कराने के लिए जिला बार एसोसिएशन की चुनावी टीम ने पूरी तैयारियां कर ली गईं हैं।

# बीएलएम के छात्र नेशनल स्किल चैंपियनशिप में दिखाएंगे अपने स्किल

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता



बीएलएम एकेडमी के छात्रों को इस वर्ष भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता में अपना लोहा मनवाने का अवसर प्राप्त हुआ है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता आईआईटी दिल्ली में 22 और 23 मार्च 2025 को आयोजित होने जार ही है। इस प्रतियोगिता में दिल्ली - एनसीआर के 10 विद्यालयों के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों के 10 विद्यालय भी भाग लेंगे। बीएलएम एकेडमी इन चुनिंदा विद्यालयों में से एक है, जो समस्त राज्य के लिए एक गर्व की बात है।

प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं के होनहार छात्र-छात्राएं सुमित चंदोला, उत्कर्ष कुमार, नैनांजलि जोशी, देवाशीष और तन्मय बृजवासी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। यह प्रतियोगिता छात्रों के कौशल को निखारने और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमताओं को साबित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी।

विद्यालय के प्रबंधक, निदेशक, प्रधानाचार्य तथा संपूर्ण बीएलएम एकैडमी परिवार ने इन विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है ंऔर उनक उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने ेछात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता उनकी प्रतिभा को निखारने और नए अनुभव प्राप्त करने का बेहतरीन मंच साबित होगी।

# हरीनगर विस्थापन का संयुक्त निरीक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हरीनगर विस्थापन मुद्दे पर प्रशासन का संयुक्त निरीक्षण। हरीनगर में तहसीलदार ललित मोहन तिवारी, कानूनगो नारायण लाल वर्मा, भूगर्भ वैज्ञानिक डॉ. कामिनी बिष्ट तथा राजस्व उप निरीक्षक जीवन मेहता द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर संघर्ष समिति, हरी नगर के संरक्षक मुकेश चंद्र बौद्ध, अध्यक्ष आनंद प्रकाश, पूर्व प्रधान विजेंद्र लाल, सचिव रमेश चंद्र, देवेश, और कई ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



संघर्ष समिति के संरक्षक मुकेश चंद्र बौद्ध ने बताया कि 2010 में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान हरीनगर के 39 परिवारों को विस्थापित करने की हेतु वार्ता हुई थी, लेकिन आज तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। सूचना का अधिकार अधिनियम (आर टी आई 2005 के तहत उप जिलाधिकारी कार्यालय, धारी से प्राप्त जानकारी में भी पुष्टि हुई कि इन परिवारों के विस्थापन की स्वीकृति भी दी गई थी, लेकिन इसे अब तक लागू नहीं किया गया।

2024 में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान हरी नगर में कई घरों में दरारें आईं और भूमि धंसने की शिकायतें सामने आईं। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने बताया कि 2010 की आपदा के बाद 39 परिवारों के विस्थापन की बात हुई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए संघर्ष समिति ने 16 जनवरी 2025 को ग्राम सभा हरीनगर में एक बैठक आयोजित की, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विस्थापन की प्रक्रिया तत्काल शुरू कराने हेतु संघर्ष अति आवश्यक है।

इस मुद्दे को लेकर संघर्ष समिति 3 फरवरी 2025 को जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अपर जिलाधिकारी ए डी एम फिंचा राम चौहान से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने उप जिलाधिकारी, धारी को निर्देशित किया कि हरीनगर का संयुक्त निरीक्षण शीघ्र कराया जाए। आज इस आदेश के तहत भूगर्भ एवं राजस्व विभाग की टीम ने हरी नगर का निरीक्षण किया।

संघर्ष समिति के संरक्षक मुकेश चंद्र बौद्ध ने कहा कि हरी नगर की भूमि दलदली क्षेत्र में आती है, और लगातार हो रहे भूस्खलन एवं घरों में आ रही दरारों को देखते हुए विस्थापन अति आवश्यक हो गया है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि विस्थापन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर बसाया जा सके।

इस दौरान संघर्ष समिति के अध्यक्ष आनंद प्रकाश सचिव रमेश चंद्र पूर्व प्रधान विजेंद्र लाल, हीरा लाल, धरमपाल, सुरेश चंद्र कई ग्रामीण उपस्थित रहे।



# सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

धानाचूली पं पूर्णानंद तिवारी राजकीय महाविद्यालय दोशापानी में राजकीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रारंभ मंगलवार से प्रारम्भ हुआ उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अजरा परवीन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर सभी प्रध्यापकों के द्वारा शिविर के प्रारंभ होने पर बधाई देते हुए शिविर की गतिविधियों व उनके उद्देश्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की एन.एस.एस प्रभारी डॉ कविता पंत ने प्राचार्य का स्वागत वसभी प्रध्यापकों का अभिवादन करते हुए शिविर के प्रतिदिन की जानकारी दी इस अवसर पर डॉक्टर प्रीति त्रिवेदी डॉ रेनू जलाल डॉ भुवन तिवारी डॉ अनीता नेगी डॉ दिशा पांडेय सभी ने अपने विचार व्यक्त किए व सभी कार्यालय स्टाफ का सहयोग रहा मनोज कुमार मोहन चंद्र सनवाल चंदन सिंह आदि रहे।

# अवैध रूप से रह रहे परिवारों को हटाने के मामले पर अगली सुनवाई 21 को

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने कालागढ़ डैम के समीप वन विभाग व सिंचाई विभाग की भूमि पर अवैध रूप से रह रहे सेवानिवृत्त व अन्य करीब 400 से 500 परिवारों को हटाए जाने के मामले पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक मेहरा की खंडपीठ ने मामले की वास्तिवकता को जानने के लिए चीफ सेकेट्री यूपी व उत्तराखंड तथा फाइनेंस सेकेट्री यूपी व उत्तराखंड तथा रेवन्यू सेकेट्री यूपी व उत्तराखंड को निर्देश दिए हैं कि वे 21 मार्च (शुक्रवार) को वीसी के माध्यम से कोर्ट में पेश हों।

बता दें कि पूर्व के आदेश पर डीएम आशीष चौहान ने रिपोर्ट प्रस्तुत की, रिपोर्ट में कहा गया कि वहाँ पर तीन तरह के लोग निवास कर रह रहे हैं जिसमें कुछ कर्मचारी अभी कार्य कर रहे हैं, रिटायर कर्मचारी और उनके परिजन तथा बाकि मजदूर तथा दुकानदार व ठेकेदार व माल सप्लायर हैं। रिपोर्ट में आगे यह भी कहा है कि इनको विस्थापित करने के लिए उनके द्वारा अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी है, यही नहीं यहाँ पर यूपी सरकार की भी भूमि है, उनकी भी अनुमति लेनी आवश्यक है, जिस पर कोर्ट ने उत्तराखंड व यूपी सरकार के अधिकारियों को वीसी के माध्यम से पेश होने को कहा।

मामले के अनुसार कालागढ जन कल्याण उत्थान समिति ने उच्च न्यायलय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि तत्कालीन यूपी सरकार ने वर्ष 1960 में कालागढ डैम वनाएँ जाने के लिए वन विभाग की कई हजार हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करके सिंचाई विभाग को दी थी, साथ में यह भी कहा था कि जो भूमि डैम बनाने के बाद बचेगी उसे वन विभाग को वापस किया जाएगा। डैम बनने के बाद कई हेक्टेयर भूमि वापस की गई लेकिन शेष बची भूमि पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अन्य लोगो ने कब्जा कर दिया, अब राज्य सरकार 213 लोगो को विस्थापित कर रही है जबकि वे भी दशकों से उसी स्थान पर रह रहे हैं उनको नहीं। उन्हें हटने का नोटिस दिया गया है लिहाजा उनको भी अन्य की तरह विस्थापित किया जाय।

## NEWS / फटाफट

### तेज गति के चलते स्कूटी सवार सड़क पर गिरा

**नैनीताल ।** नैनीताल- हल्द्वानी मोटर मार्ग पर हनुमानगढ़ी के समीप तेज गति के चलते एक स्कूटी सवार सड़क पर गिर गया। घायल स्कूटी सवार को राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में उपचार दिया गया। जानकारी के अनुसार नैनीताल- हल्द्वानी रोड पर हनुमानगढ़ के समीप एक स्कूटी सवार अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित होकर वह स्कूटी समेत सडक़ पर गिर गया। स्कूटी की गति तेज होने के चलते स्कूटी सवार का हेलमेट भी खुल गया जिससे उसके सिर में चोट आ गई। वहीं स्कूटी में सवार दूसरा व्यक्ति भी चोटिल हो गया। सडक़ पर चोटिलों को देख राहगीरों ने उनको टैक्सी वाहन की मदद से बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। जहां उनको उपचार दिया गया। जिला अस्पताल में तैनात डॉ. अनामिका ने बताया कि बदायूं निवासी 24 वर्षीय सुनील के सिर में चोट आई है। बताया कि चोटिल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है साथ ही सीटी स्कैन करने की सलाह दी गई है।

### 256वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण आंदोलन मंगलवार को 256वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। गुरुरानी ने कहा कि पौधारोपण आंदोलन से पर्यटकों को भी जोड़ा जा रहा है । पर्यटक भी यहां से एक अच्छा संदेश लेकर अपने प्रदेशों में जा रहे हैं। पौधारोपण कार्यक्रम में हर सिंह, गोपाल बिष्ट, शेर सिंह, पद्म सिंह, वेद प्रकाश, सौरभ खोलिया, महेश कुमार तथा विजय बोरा सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

### पार्क की लंबे समय से सौंदर्यीकरण में कमी



**भीमताल।** पर्यटन नगरी डाठ पार्किंग समीप पंडित दीन दयाल पार्क बड़े लंबे समय से उचित देख-रेख एवं सौंदर्यीकरण की कमी के कारण बदरंग बिखरा पड़ा हुआ है। पार्क में टूटी रैलिंग, बैंच पड़ी हुई है, उचित रख-रखाव के अभाव में पार्क बदहाली के आंसू बहा रहा हैं। पार्क में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की मूर्ति विराजमान हैं और इन्हीं के नाम से सरकार राष्ट्रीय शहरी मिशन के अंतर्गत आज कई योजना भी चला रही है फिर भी पार्क की सुध लेने वाला संरक्षक विभाग कोई नहीं। नगर के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने बताया कि 2016-17 से लगातार पार्क के सौंदर्यकरण, उचित साफ-सफाई एवं देख-रेख की माँग विभागों एवं जिला प्रशासन से करते आ रहे हैं, अब तक उनके द्वारा कई बार सिंचाई विभाग, नगर पालिका,जिला प्रशासन एवं शासन तक पत्राचार किए गए, उनके द्वारा नगर के युवा शक्ति के साथ मिलकर इस पार्क की साफ-सफाई कर विभागों एवं जिला प्रशासन को चेताया भी गया। बार-बार प्रयासरत रहने के फलस्वरूप सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने पार्क के रंग-पुताई, बैच-रैलिंग निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए आठ लाख इक्यावन हजार का स्टीमेट तैयार कर राज्य सेक्टर में भेजने की बात सहायक अभियंता शंकर राम द्वारा उन्हें बताई गई। साथ ही मद स्वीकृति होने के उपरांत पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

### बिग हैड व कॉमन कार्प मछलियों को निकालने का अभियान शुरू

**नैनीताल ।** नैनी झील के परिस्थितिकी संतुलन को बिगाड़ रही बिग हैड व कॉमन कार्प प्रजाति की मछलियों को निकालने का दोबारा अभियान शुरू कर दिया है। मंगलवार से झील से मछली निकालने का कार्य शुरु हो गया है जो आगामी दस दिनों तक टीम का अभियान जारी रहेगा। बता दें कि नैनीझील को स्वच्छ बनाये रखने के लिए कई प्रजातियों की मछलियां झील में डाली गई हैं। लेकिन झील में बिग हैड व कॉमन पार्क प्रजाति की मछलियों की संख्या तेजी से बढ़ जाती है। जिससे झील का आंतरिक संतुलन बिगड़ जाता है। पूर्व में पंतनगर विवि के मत्स्य विभाग की ओर से झील का सर्वे करने पर अनुपयोगी प्रजाति की मछलियां 60 प्रतिशत से अधिक होने की बात सामने आई। जिसके बाद झील से अनुपयोगी प्रजाति को निकाल उसमें नयी प्रजातियों को छोड़ने का अभियान शुरू किया गया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

# अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल महिला व पुरुष प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की महिला एवं पुरुष वर्ग फुडबॉल टीम रुद्रपुर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के उपरांत 7 से 10 मार्च 2025 तक आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल महिला पुरुष प्रतियोगिता 2024-25 जो पारुल विश्वविद्यालय वडोदरा (गुजरात) में आयोजित हुई थी में प्रतिभाग कर महिला वर्ग के स्ट्रोक टीम इवेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कुमाऊं विवि के क्रीड़ाधिकारी डा.नागेंद्र प्रसाद शर्मा के मुताबिक उक्त स्ट्रोक टीम इवेंट खिलाडियों में कशिश शर्मा, आस्था रानी, गरिमा राणा, कामिनी, प्रिया गोस्वामी तथा चेतना पांडे शामिल थी तथा पुरुष वर्ग के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया,जिसमें योगेश पांडे तथा मनजोत कौर शामिल थे। टीम के मैनेजर लोकेश पांडे, एन.पी.शर्मा तथा श्वेता भाकुनी एवं लक्ष्मी कुमारी थे। डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुडबॉल प्रतियोगिता में देश भर के 44 विश्वविद्यालयों के महिला एवं पुरुष वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसका उद्घाटन एआईयू नई दिल्ली के संयुक्त सचिव (खेल) डॉ. बलजीत सिंह सेखों द्वारा किया गया था। विश्वविद्यालय के खिलाडियों की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, कुल सचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल, परिसर निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा,प्रभारी परिसर निदेशक प्रो.रजनीश पांडेय समेत प्रो. संतोष यादव, वित्त नियंत्रक अनीता आर्य एवं डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत, डॉ. संतोष कुमार,प्रो. ललित तिवारी, प्रो. महेंद्र सिंह राणा, प्रो. राजेश ऊभान, डॉ राजेश कुमार, प्रो. ए.एस. बनकोटी,डॉ सुरेंद्र सिंह, डा. सुदर्शन कुमार एवं विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों व छात्रों द्वारा टीम को बधाई दी गयी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने कहा कि मेधावी खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा।

### वाहन खाई में गिरने से तीन लोग गंभीर

**नैनीताल ।** नैनीताल के दूरस्थ सौड क्षेत्र में वाहन खाई में गिरने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को शाम के समय एक टैक्सी वाहन सवारियों को लेकर सौड़ को जा रहा था। सौड़ के समीप वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 50 मीटर गहरी खाई में गिर गया। स्थानीय लोगों ने वाहन को गिरता देख लोगों को जमा किया और रेस्क्यू कर घायलों को खाई से निकाला। वाहन में चालक समेत सात लोग सवार थे। जिसमें से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की ओर से घायलों को राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में तैनात डॉ. रिजवान ने बताया कि सौड निवासी पान सिंह (60) समेत शिवराज सिंह (65) व देवेंद्र सिंह (70) गम्भीर रूप से चोटिल हुए हैं।

# हिम शिखर लोकोत्सव दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आरोह सांस्कृतिक कला समिति द्वारा आयोजित हिम शिखर लोकोत्सव दो दिवसीय कार्यशाला श्री राम सेवक सभा में आयोजित किया जा रहा है। सेंट्रल नोडल एजेंसी उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज संस्कृति के सौजन्य से उत्तराखंड संस्कृति के चम्पावत जिले के , बाराही देवी पर आधारित बग्वाल कार्यक्रम, चाचरी, छपेली, झोड़ा,अपने गांव की संस्कृति साबास मेरा मोतिया बालदा, इत्यादि कार्यक्रम अध्यक्ष रीना आर्या,आरोह सांस्कृतिक कला समिति सचिव नीलम आर्या के द्वारा कार्यक्रम किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राम सेवा के अध्यक्ष मनोज साह रहें। इस दौरान जगदीश बवाड़ी,विमल चौधरी, देवेंद्र लाल साह, मोहित, केंद्रीय संचार ब्यूरो शोभा चारक, यूनिवर्सिटी नवीन पाण्डेय,शिक्षक व एंकर आईसी विद्यालय, प्रमोद प्रसाद, दक्ष सिंह, रवि कुमार, विनोद कुमार, सौरभ, शुभम, सतीश, चंदन, प्रकाश, हरीश,पवन,ललिता,कविता भंडारी, कविता जोशी, सरोज, चेतन, रमन, सोनाक्षी, नीतू समेत अन्य लोग रहे।



# अभिमत

## उपभोक्ता पर बोझ

*उपभोक्ताओं ने बिजली बिल में फिक्स चार्ज, एडिशनल सिक्योरिटी, वॉटर सेस, रायल्टी, वॉटर टेक्स वसूले जाने को अवैध बताते हुए तत्काल बंद करने की मांग की। उपभोक्ताओं का तर्क था कि केन्द्र सरकार अपने रेगुलेशन में स्पष्ट कर चुकी है कि उपभोक्ता से टेक्स की वसूली नहीं की जानी चाहिए। मनमर्जी से बिजली की दर नहीं बढ़ाई जानी चाहिए। विद्युत रेट तीन साल के लिए फिक्स होने चाहिएं। इस मामले में सबसे अहम बात यह है कि बड़े डिफाल्टर के खिलाफ ऊर्जा निगम कार्रवाई नहीं करता है और मध्यम श्रेणी के उपभोक्ता के शोषण का मौका तलाशता रहता है।*

लोकतंत्र में सरकार की भूमिका जनहित और राष्ट्र हित में होनी चाहिए। संविधान में भी जनकल्याणकारी शासन व्यवस्था का उल्लेख है। संविधान के विरुद्ध उत्तराखंड में शासन की नीतियां मध्यम वर्ग का खून चूसने वाली हैं। विद्युत उपभोक्ताओं का शोषण करने का मौका तलाशा जाता है। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग में ऊर्जा के तीनों निगमों के बिजली दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव का सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं ने विरोध किया। उपभोक्ताओं ने बिजली बिल में फिक्स चार्ज, एडिशनल सिक्योरिटी, वॉटर सेस, रायल्टी, वॉटर टेक्स वसूले जाने को अवैध बताते हुए तत्काल बंद करने की मांग की। उपभोक्ताओं का तर्क था कि केन्द्र सरकार अपने रेगुलेशन में स्पष्ट कर चुकी है कि उपभोक्ता से टेक्स की वसूली नहीं की जानी चाहिए। मनमर्जी से बिजली की दर नहीं बढ़ाई जानी चाहिए। विद्युत रेट तीन साल के लिए फिक्स होने चाहिएं। इस मामले में सबसे अहम बात यह है कि बड़े डिफाल्टर के खिलाफ ऊर्जा निगम कार्रवाई नहीं करता है और मध्यम श्रेणी के उपभोक्ता के शोषण का मौका तलाशता रहता है। पृथक उत्तराखंड राज्य के गठन की मांग करने वाले आंदोलनकारियों और जनप्रतिनिधियों ने दावा किया था कि ऊर्जा प्रदेश बनायेंगे और बिजली बेच कर राजस्व से प्रदेशवासियों का विकास करेंगे। राज्य का गठन होने के 25 साल बाद भी उत्तराखंड ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, बिजली बेचना तो दूर की बात है, राज्य को अपनी जरूरत के लिए खुले बाजार से महंगी बिजली खरीदनी पड़ती है। महंगी बिजली का बोझ उपभोक्ता पर डालने का बहाना ढूंढा जाता है। उत्तराखंड में सिर्फ पनबिजली संयंत्र हैं। जलविद्युत उत्पादन सदैव एक समान नहीं होता है। हाईड्रो पावर मौसम पर निर्भर है। राज्य गठन के बाद जलविद्युत की कई परियोजनाओं के खिलाफ पर्यावरणविदों ने आंदोलन किया। परियोजनाएं अधर में लटक गईं। राज्य को पनबिजली के साथ ही अन्य विकल्पों पर भी विचार करना होगा। ऊर्जा प्रदेश बनाने का ईमानदारी से प्रयास करके बिजली के मामले में आत्मनिर्भर होने के बाद विद्युत बेचकर राजस्व कमाया जाये और राज्य के लोगों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जाये। बड़े डिफाल्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाये और मध्यम श्रेणी के उपभोक्ता पर बोझ कम किया जाये। सौर ऊर्जा के बारे में राज्य सरकार के प्रयास भी पर्याप्त नहीं हैं। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने से मध्यम श्रेणी के उपभोक्ता को राहत होगी।

# कुमाऊं विवि में नव निर्मित भवन का उद्घाटन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित वाणिज्य विभाग में मंगलवार को नव निर्मित शैक्षणिक भवन का उद्घाटन कुलपति प्रो. डीएस रावत और संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने किया। इस नए भवन का निर्माण शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाओं और व्यावसायिक प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करेगा।

वाणिज्य संकाय में 18 लाख की लागत से तैयार नव निर्मित भवन में दो अत्याधुनिक कक्ष तैयार किए गए हैं, जिनमें डिजिटल मार्केटिंग और कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग जैसे प्रोफेशनल कोर्सेज की प्रैक्टिकल कक्षाएं समेत अन्य कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। इस कदम से विद्यार्थियों को इन क्षेत्रों में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का बेहतर अवसर मिलेगा। नए भवन में उन्नत तकनीकी उपकरणों की व्यवस्था की गई है, जो विद्यार्थियों को एक प्रभावी और समृद्ध शिक्षा प्रदान करेंगे।

कुलपति प्रो. डीएस रावत ने उद्घाटन समारोह में कहा, कि इस नए भवन के निर्माण से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक



क्षमता में वृद्धि होगी और हमारे विद्यार्थियों को उद्योग जगत के लिए बेहतर तैयार किया जाएगा। यह भवन कुमाऊं विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान करेगा। वाणिज्य संकाय के डीन प्रो. अतुल जोशी ने कहा, कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हम विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कक्ष प्रदान कर पा रहे हैं। डिजिटल मार्केटिंग और एकाउंटिंग जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए यह भवन एक महत्वपूर्ण स्थान साबित होगा। इस शैक्षणिक भवन का उद्घाटन विश्वविद्यालय के भविष्य के दृष्टिकोण को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. रावत ने प्रो. अतुल जोशी, डॉ. मनोज पांडे और डॉ. जीवन उपाध्याय द्वारा लिखी गई पुस्तक रिसर्च डिजाइन का विमोचन भी किया। इस मौके पर प्रभारी परिसर निदेशक प्रो. रजनीश पांडे, प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ. पूजा जोशी, डॉ. अंकिता आर्या, डॉ. गौतम रावत, डॉ. दीपक मेलकानी, रितिशा शर्मा, पंकज भट्ट, सूबिया नाज, दीक्षा पंत, चंदन जलाल, घनश्याम पालीवाल, बिशन कुमार, अतुल कुमार, अभिषेक नंदन आदि मौजूद रहे।

## पार्षद शिव कुमार गंगवार 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित

**रुद्रपुर।** महिला से छेड़छाड़, अश्लील हरकतें करने के मामले में नामजद पार्षद शिव कुमार गंगवार को जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। जिलाध्यक्ष द्वारा जारी पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिलाध्यक्ष ने जारी पत्र में कहा है कि पार्षद शिव कुमार गंगवार को पार्टी से 6 वर्ष के लिए तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है।

**सूचना**

मुझसे मेरा मूल विक्रय पत्र खो गया, जिसका विवरण इस प्रकार है- ग्राम- जयपुर पाडली, खसरा नंबर 208 मि0, हल्द्वानी, जिला- नैनीताल। जिसका कुल रकवा - 97.11Sqm , जिसकी क्रमांक नंबर 6087, जो जिल्द संख्या- 814, पृष्ठ - 185 से 198 तक है जो दिनांक-18 Dec 2014 को सब रजिस्ट्रार हल्द्वानी में क्रेता- प्रेमा नेगी पत्नी श्री गोपाल सिंह नेगी के हक में हुई हैं।

**सूचना मिलने पर कॉल करें एडवोकेट- राजीव सक्सेना +919837426760**

## पॉस्को एक्ट में नामजद वृद्ध गिरफ्तार, जेल भेजने की कार्रवाई

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी के अपराधियों को खिलाफ कार्रवाई के निर्देशानुसार एसपी सिटी, एसपी अपराध एवं कानून व्यवस्था, सीओ सिटी के दिशा-निर्देशन में कार्रवाई करते हुए प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने एफआईआर 83/2025 धारा 65(1) बीएनएस व 5/6 पोक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त निरंजन नारंग पुत्र मनोहर लाल नारंग निवासी जगतपुरा गली 4 ट्रांजिट कैंप को उसके घर से गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने लिखित सूचना दी थी कि उसकी 9 वर्ष की पुत्री को उक्त व्यक्ति टॉफी का लालच देकर अपने घर पर बुलाकर अपने मोबाईल फोन से गंदी मूवी दिखाने और पुत्री के साथ गलत हरकत का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पांडेय ने



**आरोप**

● टॉफी का लालच देकर घर पर बुलाकर अपने मोबाईल फोन में गंदी मूवी दिखा गलत कार्य करने का प्रयास का आरोप

बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया और विवेचना एसआई महिला नेहा ध्यानी को दी गई। उन्होंने बताया कि घटना की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल महिला एसआई ने टीम के साथ आरोपी के घर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पीड़िता व उसके पिता के बयान दर्ज करने के बाद पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया। आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। टीम में अजय शाही,कमल किशोर आदि शामिल रहे।

# फिल्मी दुनिया

## ईद पर रिलीज हुई सलमान की फिल्में ही नहीं गाने भी रहे हिट



*सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' इस साल 'ईद' रिलीज होने वाली है। इस मौके पर हम अभिनेता के ईद पर रिलीज फिल्मों के हिट गानों के बारे में जान लेते हैं। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' इस साल 'ईद' रिलीज हो रही है। फैंस अभिनेता की फिल्म का बड़ी ही बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले फिल्म के कई गाने रिलीज हो चुके हैं। मंगलवार को फिल्म का टाइटल सॉन्ग नाचे सिकंदर रिलीज हुआ। सलमान की फिल्में ही नहीं उनके गाने भी जबर्दस्त हिट हुए हैं। खासकर उन फिल्मों के जो ईद पर रिलीज हुई हैं। आइए आज भाईजान की उन फिल्मों के कुछ हिट गानों पर नजर डालते हैं, जो ईद पर रिलीज हुई। साल 2012 में सलमान की फिल्म 'एक था टाइगर' ने ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक दिया। फिल्म का गाना माशाल्लाह हिट हुआ और एक आइकॉनिक सॉन्ग बन गया। गाने के बीट्स और सलमान और कैटरीना की जबरदस्त जोड़ी ने इसे सभी का पसंदीदा बना दिया। साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'किक' का गाना जुम्मे की रात जबर्दस्त हिट हुआ। यह एक पार्टी सॉन्ग है।*

### रिलीज होने के बाद धूम

*सलमान खान और जैकलीन फर्नांडीज की जोड़ी ने फैंस का दिल जीत लिया था। सलमान की फिल्म 'बजरंगी भाईजान' एक दिल को छू लेने वाली कहानी थी। इस फिल्म का पार्टी सॉन्ग आज की पार्टी खूब हिट हुआ। यह गाना आज भी पार्टी प्लेलिस्ट के बेहतरीन गानों में से एक है। गाने के मजेदार बीट्स ने इसे हर खुशी के मौके का परफेक्ट ट्रैक बना दिया। फिल्म 'टाइगर जिंदा है' का गीत स्वैग से स्वागत ने भी रिलीज होने के बाद खूब धूम मचाई थी। इस गाने में दमदार बीट्स, हाई-एनर्जी कोरियोग्राफी और सलमान की आइकॉनिक प्रेजेंस ने इसे फैंस का फेवरेट बना दिया था।*

## डीएम ने गदरपुर तहसील परिसर में किया पौधरोपण के बाद तहसील का निरीक्षण

**गदरपुर**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने गदरपुर तहसील पहुंचकर परिसर में पौधा रोपड़ किया। उसके उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील का निरीक्षण किया।

उन्होंने राजस्व व जनआधार रिकार्ड रूम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार को सभी पत्रावलियों व पंजिकाओं को सुव्यवस्थित रखने एवं पुराने रैक, अलमारियों को पेंट कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने न्यायालय कक्ष का कराये जा रहे मरम्मत कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि तहसील में जो भी लोग प्रमाण पत्र बनाने व फरियाद लेकर आते है, उनकी समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण किया जाये ताकि अनावश्यक रूप से किसी को परेशान होने की जरूरत न पड़े। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, संयुक्त मजिस्ट्रेट आशिमा गोयल, तहसीलदार आदि मौजूद थे।



News कॉर्नर

## पुलिस ने किया बिना सत्यापन भिक्षुकों को खदेड़ना शुरू

**नैनीताल।** तल्लीताल क्षेत्र में घूमकर मांगने वाले भिक्षुकों को पुलिस ने खदेड़ना शुरू कर दिया है। साथ ही उनके सत्यापन की भी जांच की जा रही है। बता दें कि होली के बाद पर्यटकों के साथ दर्जन से ज्यादा भिक्षुक भी नैनीताल पहुंच गए हैं। जिसके चलते शहर में जगह . जगह भिक्षुक पैंसे मांगकर पर्यटकों व स्थानीय लोगों को परेशान कर रहे हैं। इधर मंगलवार को तल्लीताल क्षेत्र में पुलिस ने अभियान चलाकर भिक्षुकों से पूछताछ कर उनके आधार कार्ड देखे। साथ ही उनके सत्यापन की जांच की जिसके बाद चार से पांच भिक्षुकों को नैनीताल से हल्द्वानी को खदेड़ दिया। एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि क्षेत्र में घूम रहे भिक्षुकों को शहर से वापस उनके क्षेत्र को भेजा जा रहा है।

## पालिका की चेतावनी के बाद भी कूड़ा जलाना बंद नहीं किया

**नैनीताल।** नैनीताल में पालिका की चेतावनी के बाद भी शहर में जगह-जगह कूड़ा जलाने में रोक नहीं लग पा रही है। रोजाना मल्लीताल क्षेत्र में लोगों की ओर से कूड़े में आग लगाई जा रही है। बता दें कि बीते दिनों मल्लीताल रोप वे के समीप अज्ञात व्यक्ति की ओर से कूड़े में आग लगाई गई थी। शिकायत के बाद पालिका ईओ की ओर से शहर में कूड़े में आग लगाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने की भी बात कही थी। लेकिन उसके बाद भी मल्लीताल रोपवे के समीप लोग रोजाना कूड़े में आग लगा रहे हैं। जिसके धुंए से कई बार डर का माहौल पैदा हो रहा है। लेकिन पालिका या वन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि शहर में कहीं भी किसी व्यक्ति की ओर से कूड़े में आग लगाई गई तो उसके खिलाफ 25 हजार की चालानी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि इसको लेकर टीम शहर में गश्त भी करेगी।

# मॉडर्न ट्रेंड इन मेडिसिनल प्लांट विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के कला संकाय भवन में मंगलवार को विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय तथा बॉटनी डिपार्टमेंट के द्वारा आयोजित तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय तथा यू कॉस्ट द्वारा प्रायोजित मॉडर्न ट्रेंड इन मेडिसिनल प्लांट विषयक दो दिनी राष्ट्रीय कार्यशाला का शुरु हो गयी है। कार्यशाला का शुभारंभ पर्यावरण संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल तथा कुविवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंहर रावत ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन किया गया तथा कुलगीत से कार्यक्रम प्रारंभ तथा राष्ट्गान से कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यशाला




को संबोधित करते हुए प्रो.नौटियाल ने कहा आज भी 80 फीसदी मेडिसिनल प्लांट वनों से आ रहे हैं, उन्होंने कहा कि इन्हें वेजिटेटिव प्रोफेशन जरूरी है । उन्होंने इंडस्ट्री के लिए सिंपल वैल्यू चैन बनाए की पुरजोर वकालत की। प्रो.नौटियाल ने कहा कि हम ट्रेडीशनल ज्ञान से इससे आगे बढ़ाए, कहा कि संस्थान कई औषधीय पौधों पर कार्य कर रहा है जो उत्तराखंड सहित देश एवं विश्व की आर्थिकी को बड़ा सकते हैं,कहा कि अश्वगंधा,जटामांसी, हत्था जड़ी, तुलसी, वन हल्दी व मेधा बहुत प्रॉमिसिंग हैं।

कुविवि के कुलपति प्रो.रावत ने कहा कि मेडिसिनल प्लांट का एक बड़ा सेक्टर है जो जीवन के साथ बीमारियों से मुक्ति भी दे सकते हैं। उन्होंने मल्टी डिसिप्लिनरी शोध को बढ़ावा देने को कहा। कहा कि प्रकृति ही हमारी दवा है। 3000 बीसी से औषधीय पौधों का प्रयोग होता है तथा वर्तमान में 50 से 70 हजार औषधीय एवं एरोमेटिक प्लांट प्रकृति में हैं। डीएसबी परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो. रजनीश पांडे ने सभी का स्वागत किया तथा तथा डीन साइंस प्रो. चित्रा पांडे ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यशाला का संचालन करते हुए निदेशक तथा विभागाध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा कहा कि मेडिसिनल प्लांट का उल्लेख ऋग्वेद में भी है तथा अथर्ववेद जिससे एनक्लोपीडिया ऑफ मेडिसिन कहा जाता है इसी में आयुर्वेद भी शामिल है ।

चरक संहिता में तुलसी,चंदन व पीपल की जिक्र मिलता है,कहा कि 2050 में 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी मेडिसिनल प्लांट की होगी तथा 100 मिलियन लोगों की आजीविका का साधन होगा । तकनीकी सत्र में फैलो ऑफ नेशनल अकादमी डॉ शेर सिंह सामंत ने डायवर्सिटी ऑफ मेडिसिनल प्लांट, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आई डी भट्ट ने मेडिसिनल प्लांट मैनेजमेंट जबकि पंतनगर विश्वविद्यालय की बॉटनी की विभागाध्यक्ष प्रो.प्रीति चतुर्वेदी ने मेटाबॉलिटीज ऑफ मेडिसिनल प्लांट व प्रो. एसडी तिवारी ने औषधीय ब्रायोफ इट्स, डॉ बी एस कालाकोटी ने मेडिसिनल प्लांट के व्यवसायिक इस्तेमाल डीएफ ओ बलवंत सिंह साही ने औषधीय पौधों की नर्सरी तथा संगंध पौध प्रशिक्षण पर अपने व्याख्यान दिए । कॉन्फ्रेंस में सभी अतिथियों को शॉल ओढाकर तथा प्रतीक चिन्ह के रूप में उनकी पोर्ट्रेट जिससे हर्षित कुमार ने बनाया है भेंट किया गया।

# पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी दी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने नगर निगम सभागार में पत्रकार वार्ता के माध्यम से पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रशासक के माध्यम से बैठक आयोजित कर संबंधित ग्राम पंचायत की मतदाता सूची को प्रर्दशित किया जा रहा है इन बैठकों में संबंधित क्षेत्र में तैनात संगणक भी पर्याप्त संख्या में फार्म-प्रपत्र 2 परिवर्धन, प्रपत्र -3 संशोधन और प्रपत्र -4 (अपमान जनक, विलोपन) के साथ उपस्थित रहेगा। इस दौरान बताया कि इच्छुक व्यक्ति के लिए फार्म निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा,साथ ही फार्म को भरकर जमा करने की स्थिति में संबंधित संगणक के पास जमा किया जाएगा।प्राप्त फार्म/आवेदन को संगणक द्वारा



निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण के पास जमा किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा पंचस्थानि चुनावालय नैनीताल को संस्तुति सहित प्रेषित किया जाएगा। जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से स्वीकृति हेतु आयोग को प्रेषित किया जाएगा।

प्रेस वार्ता के दौरान अवगत कराया कि त्रिस्तरीय पंचायतों की त्रुटिहीन, शुद्ध और परिपूर्ण निर्वाचक नामावलियां तैयार कराये जाने हेतु राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखंड के निर्देशानुसार जिले के सभी विकास खंडों में 22मार्च 2025 तक यह विशेष अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवगत कराया कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु पर्याप्त मात्रा में मतपेटी उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त अन्य तैयारी पंचस्थानीय चुनावालय द्वारा की जा रही है।

# डीएसए मैदान में धेनुमानस गौ कथा का शुभारंभ

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में मंगलवार से डीएसए मैदान में धेनुमानस गौ कथा शुरु हो गयी है। इससे पूर्व पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने दीप प्रज्वलन कर गौ कथा का शुभारंभ किया। मुख्य यजमान के रूप में कृष्ण शर्मा और उनकी पत्नी रश्मि शर्मा रहे। पहले दिन यानी मंगलवार को कथा सुनाते हुए व्यास गोपाल मणि ने कहा कि अठारह वेदों का सार, चार वेद तथा महाभारत का निचोड़ धेनुमानस गौ कथा में है। कहा कि हमारी गौ माता जो हमारी आदर्श है उनकी पूरी दुनिया में बहुत दुर्दशा हो रही है। हमारी पहचान गाय से थी लेकिन आज तक गौ को माता का सम्मान नहीं मिला और उसकी हत्या हो रही है। इतना पतन इसीलिए हुआ क्योंकि हम अपने आदर्शो को भूल गए हैं और हमारी आदर्श गौ माता है। कहा कि आज पूरे राष्ट में गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मुहिम चल रही है। आयोजक मंडल ने बताया कि कथा निरंतर 21 मार्च (शुक्रवार) तक चलेगी और उसी दिन को पूर्णाहुति भंडारा होगा। इस दौरान आचार्य राकेश, काशीराम नौटियाल, सुभाष नौटियाल, अमित खंडूरी, विशंभर दत्त, गीता साह, प्रमिला पंत, कुसुम तिवारी, गौरी पांडे तथा भावना रावत सहित काफी संख्या में गौ भक्त मौजूद रहे।



# 29 मार्च तक चलेगा उद्यमिता विकास कार्यक्रम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार तथा उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के आपसी सहयोग से देवभूमि उद्यमिता योजना केंद्र वाणिज्य विभाग डीएसबी परिसर नैनीताल में उद्यमिता विकास कार्यक्रम मंगलवार से शुरू हो गया है जो आगामी 29 मार्च (शनिवार) तक चलेगा।

बता दें दो सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि कला संकायाध्यक्ष तथा डीएसबी परिसर के प्रभारी परिसर निदेशक प्रो.रजनीश पांडे ने किया। प्रो.पांडे ने आयोजक एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी तथा उद्यमिता के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला। वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में संबोधित करते हुए उद्यमिता विषय पर अपने विचार रखते हुए विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित तिवारी (विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग) द्वारा किया गया।

इससे पूर्व कार्यकम के समन्वयक डॉ.विजय कुमार ने मुख्य अतिथि समेत विशिष्ट अतिथि तथा सभी गुरुजनों व प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए देवभूमि उद्यमिता योजना का परिचय देते हुए कहा कि यह योजना उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार तथा उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के आपसी सहयोग से चलाई जा रही है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना तथा सहयोग करना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अभिषेक नंदन (प्रोजेक्ट ऑफिसर देवभूमि उद्यमिता योजना उत्तराखंड तथा उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद) ने कार्यक्रम के टेक्निकल सत्र को संबोधित किया तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उद्यमिता के गुणों को समझाया। प्रथम दिन में पंकज पांडे वर्ष 2024 के उत्तराखंड उद्यमिता सीड फ ंड विजेता ने अपने अनुभव को प्रतिभागियों के साथ साझा किया तथा बताया कि किस तरह से सीड फ ंड प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर डॉ.आरती पंत,डॉ.ममता जोशी,डा.ॅनिधि वर्मा,डा.ॅविनोद जोशी, डॉ.जीवन उपाध्याय, डॉ.हिमानी जलाल, डॉ.अंकिता आर्या, डॉ.पूजा जोशी पालीवाल, डॉ.तेज प्रकाश, डॉ. शर्मा, डॉ.गौतम रावत,पंकज भट्ट, सुबिया नाज,दीक्षा पंत, चंदन जलाल, हिमांशु बिष्ट, घनश्याम पालीवाल तथा विशन चंद्र तथा राधा देवी उपस्थित रहे। अंत में डा.विजय कुमार ने सभी का आभार जताया।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता उपखण्ड तृतीय सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी
## अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- 07/स0अ0तृ0/2024-25

पत्रांक- 108/स0अ0तृ0/निविदा/ दिनांक: 10-03-2025

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदा सिंचाई विभाग में पंजीकृत डी श्रेणी अथवा उससे उच्च श्रेणी के ठेकेदारों से दिनांक 29.03.2025 के अपराह्न 2:00 बजे तक धन की प्रत्याशा में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे सहायक अभियन्ता तृतीय सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा, उपस्थित ठेकेदारों तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.03.2025 से 28.03.2025 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। समस्त निविदाओं को गिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू0 लाख) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य/ जी0एस0टी0 का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला योजना मद के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के ओखलकाण्डा विकास खण्ड के पनी राम जी के मकान के पास लधिया नदी से बाढ़ सुरक्षा कार्य की योजना | 5.00 | 10000.00 | 500+ 18%GST | 4 माह |
| 2. | जिला योजना मद के अन्तर्गत विकास खण्ड ओखलकाण्डा में खनस्यू नहर के कटान एवं जीर्णोद्धार की योजना | 5.00 | 10000.00 | 500+ 18%GST | 4 माह |

सहायक अभियन्ता
उपखण्ड-तृतीय